हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार 6 जुलाई 2026


तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


10 प्रतिबंधित दवाई बिक्री मामले में युवक को 5 साल...





10 राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण से किसान...






## खबर संक्षेप



### विशेष प्रवेश परीक्षा में 22 छात्र हुए शामिल

**दुर्गुकोंदल।** एजुकेशन हब एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस 200 सीटर कन्या आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए रविवार को विशेष प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। यह परीक्षा उन विद्यार्थियों के लिए अंतिम अवसर थी, जो 29 जून को आयोजित मुख्य प्रवेश परीक्षा में किसी कारणवश शामिल नहीं हो सके थे। परीक्षा का आयोजन पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस दुर्गुकोंदल में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में हुआ।

### सर्पदंश से महिला की हो गई मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत भोथा निवासी 65 वर्षीय खोरिन बाई दर्रो पति हरिसर दर्रो का सर्पदंश के कारण मौत हो गया। मृतिका के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतिका को सांप ने काट लिया था, जिसके कारण उसकी 4 जुलाई को मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### डूबने से बच्चे की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत कोलियारी निवासी 15 वर्षीय दिनेश कुमार गोटा पिता सुकदेव गोटा का मौत 4 जुलाई को डूबने से हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक नदी के पानी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

**मदद :** हादसे के बाद बिना देर किए रोकी गाड़ी, समय पर पहुँचाया अस्पताल

# तमाशबीनों के बीच डॉक्टर ने निभाया इंसानी फर्ज, चौकीदार की बचाई जान

*राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल वन विभाग के एक चौकीदार को सड़क किनारे तड़पता देख, निजी कार्य से अपने गंतव्य की ओर जा रहे डॉक्टर सनत नेताम ने बिना एक पल की देरी किए अपनी गाड़ी रोक दी। उन्होंने न केवल घायल को प्राथमिक उपचार दिया, बल्कि पुलिस और एंबुलेंस को तत्काल सूचना देकर समय रहते अस्पताल पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जानकारी के अनुसार रविवार 5 जुलाई को डॉक्टर सनत नेताम अपने निजी कार्य से कांकेर बाईपास स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 30 से होकर गुजर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर सड़क किनारे गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े एक व्यक्ति पर पड़ी। घायल दर्द से कराह रहा था और तत्काल चिकित्सकीय सहायता की जरूरत थी। सड़क से कई वाहन गुजर रहे थे, लेकिन कोई भी उसकी मदद के लिए नहीं रुका। ऐसे समय में डॉक्टर सनत नेताम ने इंसानियत का परिचय देते हुए तुरंत अपनी गाड़ी रोकी और घायल के पास पहुंचे। घायल के पास पहुंचते ही उन्होंने सबसे पहले उसकी शारीरिक स्थिति का परीक्षण किया। ▶▶| शेष पेज 10 पर

## प्राथमिक उपचार देकर डायल-112 और एंबुलेंस को बुलाया

### घायल को पहुँचाया अस्पताल

*घायल की स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टर सनत नेताम ने तत्काल डायल-112 पुलिस सहायता सेवा और एंबुलेंस को फोन कर घटना की जानकारी दी। उन्होंने घटना स्थल की सही जानकारी देकर एंबुलेंस को शीघ्र पहुंचने का अनुरोध किया। पुलिस और एंबुलेंस के मौके पर पहुंचने तक डॉक्टर स्वयं घायल के साथ बने रहे। इस दौरान वे लगातार उसकी स्थिति पर नजर रखते रहे और उसे मानसिक रूप से भी संभालते रहे, ताकि वह घबराए नहीं। कुछ ही देर बाद पुलिस और एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंची। डॉक्टर ने एंबुलेंस कर्मियों को घायल की स्थिति और दिए गए प्राथमिक उपचार की पूरी जानकारी दी, जिससे आगे का उपचार शुरू करने में आसानी हुई। इसके बाद घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसका इलाज शुरू किया।*



### इंसानियत की मिसाल देखने को मिली

*सड़क दुर्घटनाओं के बाद अक्सर लोग मदद करने के बजाय तमाशबीन बनकर निकल जाते हैं, लेकिन कांकेर बाईपास स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर रविवार को इंसानियत की एक ऐसी मिसाल देखने को मिली, जिसने यह साबित कर दिया कि आज भी समाज में संवेदनशील लोग मौजूद हैं। डॉक्टर सनत नेताम की तत्परता, सूझबूझ और मानवीय संवेदनशीलता के कारण घायल को समय पर इलाज मिल सका, जिससे उसकी जान बचाने में बड़ी मदद मिली।*

### समाज को भी दिया संदेश

*स्थानीय नागरिकों ने कहा कि डॉक्टर सनत नेताम ने अपने कार्य से उस कहावत को चरितार्थ कर दिया कि डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप होता है। लोगों का मानना है कि यदि हर नागरिक संकट में फंसे लोगों की मदद के लिए इसी तरह आगे आए, तो सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली कई मौतों को रोका जा सकता है। डॉक्टर की यह संवेदनशील पहल केवल एक घायल व्यक्ति की जान बचाने तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसने पूरे समाज को मानवता, सामाजिक जिम्मेदारी और समय पर सहायता के महत्व का संदेश भी दिया।*

## चारामा में हफ्तेभर से दहशत फैलाने वाला चोर गिरोह फूटा, 5 पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगर चारामा में पिछले एक सप्ताह से लगातार दुकानों और सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी की वारदातों से दहशत का माहौल था। करीब 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने और 2000 से अधिक मोबाइल नंबरों का विश्लेषण करने के बाद चारामा पुलिस और जिला साइबर सेल की संयुक्त टीम ने चार चोर तथा उनकी मदद करने वाले एक विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर हुई चोरयों का खुलासा किया। ▶▶| शेष पेज 10 पर

*250 सीसीटीवी-2000 मोबाइल नंबरों की जांच के बाद खुलासा*

### जब्त सामग्री



*पुलिस ने शातिर और आदतन चोरो के कब्जे से दो गैस सिलेंडर, एक ड्रिल मशीन, एक हेमर मशीन, दो लोहे के रॉड, दो कांसे के गिलास, दो चांदी की मूर्तियां, दो मोबाइल फोन, एक बिना नंबर की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल तथा 11 हजार 200 रुपये नकद जब्त किए हैं। जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 84 हजार आंकी गई है।*

### चोरी के मामले में गिरफ्तार चोर

*चारामा में दहशत फैलाने वाले चोर चारामा थानांतर्गत ग्राम दरगहन निवासी 22 वर्षीय सूरज देवांगन उर्फ टोटो, वार्ड क्रमांक 1 चारामा निवासी 29 वर्षीय संजू सोनकर, अंतागढ़ क्षेत्र के मद्रासीपारा निवासी 18 वर्षीय प्रमोद कुमार गंगाधर उर्फ टकसु, वर्तमान में जगदलपुर निवासी 21 वर्षीय प्रीतम सिंह तथा एक विधि से संघर्षरत बालक शामिल है। मुख्य आरोपी सूरज देवांगन उर्फ टोटो थाना चारामा का निगरानी बदमाश है, जिसके विरुद्ध चोरी सहित कई गंभीर आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं।*

### कार्रवाई में यह रहे शामिल

*कार्रवाई में निरीक्षक सुरेश कुमार राठौर, साइबर प्रभारी निरीक्षक यशवंत श्याम, उप निरीक्षक रूपेंद्र पटेल, उप निरीक्षक (प्रशिक्षु) हेमंत कुमार, सहायक उप निरीक्षक दुष्यंत दीवान, सहायक उप निरीक्षक भकेश पटेल, प्रधान आरक्षक सचिन सोरी तथा आरक्षक तरुण सिन्हा, फगनू, रामरतन निषाद और जितेंद्र नाग का योगदान रहा।*

4 हजार नगदी और ताश जब्त

## बाजार स्थल पर जुआ, 4 गिरफ्तार

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर पुलिस ने साप्ताहिक बाजार स्थल में जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से जुए में प्रयुक्त 52 पत्तों की ताश, 4 हजार 10 रुपये नगद और एक प्लास्टिक बोरी जब्त की गई। मामला जमानती होने के कारण सभी आरोपियों को मौके पर ही जमानत मुचलके पर रिहा कर दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 4 जुलाई की



शाम मुखबिर से जानकारी मिली कि भानुप्रतापपुर के साप्ताहिक बाजार स्थल में बिजली के खंभे की रोशनी के नीचे कुछ लोग ताश के 52 पत्तों से रुपए-पैसों का दांव लगाकर हार-जीत का जुआ खेल रहे हैं। ▶▶| शेष पेज 10 पर

चखना सेंटर पर कार्रवाई

## महिला से 5.5 लीटर शराब जब्त

**कांकेर।** थाना कोरर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम कोकानपुर निवासी 32 वर्षीय रामबत्ती जैन के कब्जे से 5.500 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब तथा शराब बिक्री से प्राप्त 150 रुपये नगद जब्त किए हैं। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि आरोपी अपने घर की बाड़ी में अवैध



रूप से महुआ शराब रखकर बिक्री कर रही है। तलाशी के दौरान प्लास्टिक डिब्बे में रखी महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत 550 रुपये आंकी गई। साथ ही बिक्री की रकम 150 रुपये भी जब्त की गई। पुलिस ने शराब व नगदी को जब्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया। ▶▶| शेष पेज 10 पर




## खबर संक्षेप



### शाला और अभिभावकों के प्रयास से ही होगा बच्चों का सर्वांगीण विकास

**कोण्डागांव**। नवीन शिक्षा सत्र के अवसर पर आयोजित शाला प्रवेश उत्सव में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम में वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही वह सबसे बड़ी शक्ति है, जो एक अच्छे इंसान का निर्माण करती है। शिक्षा हमारे जीवन में दीपक की तरह है, जो अज्ञानता के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाती है। कार्यक्रम में कहा गया कि एक शिक्षित व्यक्ति आत्मनिर्भर बनता है, समाज में अपनी अलग पहचान स्थापित करता है तथा अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहता है। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए नियमित अध्ययन, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाना आवश्यक है। इस अवसर पर चावरा स्कूल परिवार की ओर से उपस्थित सभी अभिभावकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है, जब विद्यालय और अभिभावक मिलकर उनकी शिक्षा, संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण में समान रूप से सहयोग करें। कार्यक्रम का समापन सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, बेहतर शिक्षा और सफल जीवन की मंगलकामनाओं के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति, पढ़ाई और नैतिक विकास में निरंतर सहयोग देने का आग्रह किया।

# राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण से किसान संकट में, खेतों के रास्ता बंद, बोआई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

रायपुर-विशाखापट्टनम राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य ने ग्राम बासनवाही और कोटलभट्टी के किसानों के सामने नई परेशानी खड़ी कर दी है। निर्माण कार्य के दौरान खेतों तक पहुंचने वाले पुराने संपर्क मार्ग और पुल-पुलियों के बंद या क्षतिग्रस्त हो जाने से किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार रात हुई हल्की बारिश के बाद स्थिति और भी गंभीर हो गई।

जगह-जगह जलभराव और कीचड़ के कारण खेतों तक पहुंचने वाले रास्ते पूरी तरह बाधित हो गए हैं। किसानों का कहना है कि इस समय खरीफ फसल की बुवाई का सबसे महत्वपूर्ण दौर चल रहा है। बारिश के साथ ही खेतों में जुताई, बुवाई और अन्य कृषि कार्य तेजी से किए जाने चाहिए, लेकिन मार्ग अवरुद्ध होने के कारण किसान समय पर खेतों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इससे खेती का पूरा कार्य प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि यदि शीघ्र वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं कराया गया तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण एजेंसी ने निर्माण कार्य के दौरान किसानों की सुविधा का पर्याप्त ध्यान नहीं रखा। कई स्थानों पर पुराने संपर्क मार्गों और पुल-पुलियों को बंद कर दिया गया, लेकिन उनके स्थान पर सुरक्षित वैकल्पिक रास्तों की व्यवस्था नहीं की गई। हल्की बारिश में ही रास्ते दलदल में बदल गए हैं। लगातार बारिश होने पर स्थिति और भी विकट हो सकती है। किसानों ने जिला प्रशासन और राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण एजेंसी से तत्काल मौके का निरीक्षण कर खेतों तक पहुंचने के लिए सुरक्षित एवं स्थायी वैकल्पिक मार्ग का निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो खरीफ फसल की बुवाई प्रभावित होगी, जिससे उत्पादन में कमी आने के साथ किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। किसानों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर खेती-किसानी के कार्य को सुचारु रूप से संचालित कराने की अपील की है।

### बारिश के बाद कीचड़ और जलभराव से खेतों तक पहुंचना कठिन



इस समस्या से प्रभावित किसानों में संदीप द्विवेदी, देवजी नेताम, सूरजराम नेताम, सताउ नेताम, सुकालू नेताम, हीरालाल नेताम, भूखऊ नेताम, राजेश नेताम, बोहरन नेताम, नरेन्द्र, मिलाउ नेताम, भावेश नेताम, तिहारू शोरी, सगराम शोरी, मंगऊराम नेताम, अमरु नेताम, सोनसिंह नेताम, मुन्नाराम नेताम, नवलूराम नेताम, चैतराम नेताम, पवनेश नेताम, मैतूराम नेताम, गांडाराय नेताम, मिलेश नेताम, इंदल नेताम, बलराम नागेश, काशी नेताम, तुलाराम, रघुराम, बिशरुराम मार्कोले और सुकाऊराम सहित अनेक किसान शामिल हैं।

## निर्णय : नशीली दवाइयों के कारोबारीयों को मिली चेतावनी

# प्रतिबंधित दवाई बिक्री मामले में युवक को पांच साल की सजा और अर्थदंड भी

*करीब पांच वर्ष पुराने प्रतिबंधित नशीली दवाओं की तस्करी के मामले में विशेष न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी को दोषी करार दिया है। वर्ष 2021 में पखांजुर पुलिस द्वारा 240 ट्रामाडोल युक्त प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किए गए युवक को विशेष न्यायाधीश विभा पाण्डे की अदालत ने प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों के बयानों और परिस्थितिजन्य प्रमाणों के आधार पर पांच वर्ष के कठोर कारावास तथा 50 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने की दिशा में एक अहम न्यायिक कार्रवाई माना जा रहा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजुर थाना क्षेत्र के पीव्ही-07 कापसी निवासी 26 वर्षीय पार्थो चक्रवती को पुलिस ने 2 अप्रैल 2021 की रात लगभग 9:10 बजे पुराना बाजार पखांजुर में विकास पाल की दुकान के सामने संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए पकड़ा था। पुलिस को युवक की गतिविधियों पर संदेह हुआ, जिसके बाद उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास मौजूद भूरे रंग के बैग से प्रोनेक्स स्पेस ब्रांड की 30 स्ट्रिप बरामद हुईं, जिनमें कुल 240 कैप्सूल रखे हुए थे। पुलिस द्वारा बरामद कैप्सूलों की जांच कराई गई तो उनमें प्रत्येक कैप्सूल में 50 मिलीग्राम ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड पाया गया। इस प्रकार कुल 240 कैप्सूलों में लगभग 12 हजार मिलीग्राम ट्रामाडोल मौजूद था। ट्रामाडोल एक नियंत्रित मादक पदार्थ है, जिसकी अवैध खरीद-बिक्री और बिना वैध अनुमति के कब्जे में रखना एनडीपीएस एक्ट के तहत दंडनीय अपराध है। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि आरोपी प्रतिबंधित नशीली दवाओं को अवैध रूप से अपने कब्जे में रखकर उनकी बिक्री के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहा था। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर थाना पखांजुर में अपराध क्रमांक 42/2021 दर्ज करते हुए आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 22(बी) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

### विशेष न्यायालय ने साक्ष्यों को माना पर्याप्त, 50 हजार का अर्थदंड लगाया, 5 साल के कठोर कारावास की सजा दी



### 5 वर्ष की सजा व 50 हजार का जुर्माना

*मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने पुलिस अधिकारियों सहित अन्य गवाहों के बयान और जब्ती से संबंधित दस्तावेज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए। न्यायालय ने सभी साक्ष्यों और परिस्थितियों का परीक्षण करने के बाद अभियोजन पक्ष के तर्कों को पर्याप्त और विश्वसनीय माना। विशेष न्यायाधीश विभा पाण्डे ने अपने निर्णय में आरोपी को दोषी ठहराते हुए उसे पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई और साथ ही 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने की स्थिति में आरोपी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।*


### नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने बड़ा फैसला

*इस निर्णय को नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ कानून की सख्ती का स्पष्ट संदेश माना जा रहा है। लंबे समय तक चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद आए इस फैसले से यह भी स्पष्ट हुआ कि पुलिस द्वारा की गई विवेचना और अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के आधार पर अदालत ने दोष सिद्ध मानते हुए आरोपी को दंडित किया। क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए इसे एक महत्वपूर्ण कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है।*

### थाना प्रभारी की मेहनत रंग लाई

*पखांजुर थाना के तत्कालीन प्रभारी शरद दुबे की सशक्त विवेचना और पुलिस की प्रभावी कार्रवाई का परिणाम आखिरकार न्यायालय के फैसले में दिखाई दिया। वर्ष 2021 में दर्ज इस मामले में उन्होंने प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल की बरामदगी के साथ वैज्ञानिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य मजबूती से संकलित किए। विवेचना के दौरान जुटाए गए प्रमाण और गवाहों के बयान न्यायालय में दोष सिद्ध करने में अहम साबित हुए, जिसके आधार पर विशेष न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए कठोर कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई।*


# मानसून आते ही बढ़ी टाटामारी की प्राकृतिक सुंदरता, पर्यटकों की संख्या में इजाफा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

कोंडागांव जिले के केशकाल क्षेत्र में स्थित प्राकृतिक पर्यटन स्थल टाटामारी अपनी मनमोहक वादियों, हरे-भरे पहाड़ों और शांत वातावरण के कारण इन दिनों पर्यटकों को खूब आकर्षित कर रहा है। मानसून के दिनों में यहां बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ प्रकृति की गोद में सुकून के पल बिताने पहुंच रहे हैं। टाटामारी की पहाड़ी से दिखाई देने वाला विहंगम दृश्य, ठंडी हवाएं और चारों ओर फैली हरियाली पर्यटकों का मन मोह लेती है। यहां आने वाले लोग प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के साथ यादगार तस्वीरें और वीडियो भी बना रहे हैं। सुबह और शाम का मनोहारी दृश्य इस स्थल की खूबसूरती में चार चांद लगा देता है।

### सुबह-शाम को मनोहारी दृश्य का है आकर्षण



### यहां आने के बाद मिलता है सुकून

*स्थानीय लोगों का कहना है कि बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता की बात ही अलग है और बस्तर के प्रवेश द्वार टाटामारी की बात ही कुछ और है यहाँ पर आने से एक अलग ही सुकून प्राप्त होता । आपको बता दे कि टाटामारी प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर यह स्थल पर्यावरण प्रेमियों, फोटोग्राफी के शौकीनों और प्रकृति के बीच समय बिताने वालों के लिए एक आदर्श पर्यटन स्थल बनकर उभर रहा है।*

## अभ्यर्थियों को रक्षित केंद्र में मिली नई उड़ान

# 100 युवाओं को विधायक उसेंडी ने बांटे ट्रैक सूट और स्पोर्ट्स शू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिले के युवाओं को पुलिस एवं अन्य सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत रक्षित केंद्र, कोंडागांव में निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे दिशा एकेडमी के 110 अभ्यर्थियों को विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने ट्रैक सूट एवं स्पोर्ट्स शूज वितरित किए। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं ने इस सहयोग को अपने सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल सही मार्गदर्शन, नियमित प्रशिक्षण और आवश्यक संसाधनों की है। उन्होंने कहा कि यदि युवाओं को बेहतर अवसर मिलें तो वे पुलिस, सेना एवं अन्य सुरक्षा बलों में चयनित होकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से अनुशासन, कड़ी मेहनत और निरंतर अभ्यास को सफलता की कुंजी बताते हुए पूरी लगन से तैयारी करने का आह्वान किया।

### आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को मिल रहा निःशुल्क प्रशिक्षण

पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने कहा कि कोंडागांव पुलिस युवाओं को प्रतियोगी भर्ती परीक्षाओं के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के साथ निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण भी दे रही है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के साथ आवश्यक खेल सामग्री उपलब्ध कराने का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण पृष्ठभूमि के युवाओं को समान अवसर प्रदान करना है, ताकि वे भी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर सकें।

### अधिकारी -जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित

*कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा, जिला खेल अधिकारी सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अभ्यर्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल उत्साह और प्रेरणा से भरपूर रहा।*

### सफलता के लिए करेंगे कड़ी मेहनत

*कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी 110 अभ्यर्थियों को ट्रैक सूट एवं स्पोर्ट्स शूज प्रदान किए गए। युवाओं ने विधायक, जिला प्रशासन और कोंडागांव पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए पूरी मेहनत और अनुशासन के साथ प्रशिक्षण लेकर पुलिस एवं सुरक्षा बलों की भर्ती परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने का संकल्प लिया। कोंडागांव पुलिस द्वारा युवाओं के शारीरिक, मानसिक और व्यावसायिक विकास के लिए लगातार रोजगारोन्मुखी एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए तैयार करना है।*

### शासकीय पूमा शाला छिंदली के दो विद्यार्थियों का एनएमएमएसम छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन

**केशकाल**। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छिंदली के दो विद्यार्थियों का राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा एनएमएमएस में चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में सूरज मरकाम पिता नागेश्वर मरकाम एवं मो नि का मरकाम पिता सरूराम मरकाम शामिल हैं। दोनों विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन के बल पर यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर विद्यालय, परिवार तथा पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक छबिलाल मंडावी ने दोनों विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत है और निरंतर परिश्रम एवं सही मार्गदर्शन से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। समस्त शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों ने भी विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं।



# सम्मानित शिक्षक साहू ने किया अपने जन्मदिवस पर 60वां बार रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के नवाचारी शिक्षकों के समूह इंद्रधनुष ने शनिवार को अपने साथी शिक्षक एवं राज्यपाल सम्मान से सम्मानित शिवचरण साहू के जन्मदिवस को सेवा, संवेदना और सामाजिक सरोकार के साथ मनाते हुए प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर टीम इंद्रधनुष के शिक्षकों ने जिला अस्पताल स्थित रक्तकोष ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित इस विशेष अभियान में राज्यपाल सम्मानित शिक्षक शिवचरण साहू ने अपना 60वां स्वैच्छिक रक्तदान किया। वहीं टीम इंद्रधनुष के सक्रिय सदस्य रामानंद मंडावी ने भी अपना 22वां रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। शिक्षकों ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील भी की। कार्यक्रम में टीम इंद्रधनुष के सदस्य सूरज नेताम, हीरालाल, चुरेंद्र, नीरज ठाकुर, श्रीमती हीना साहू, रामानंद मंडावी, प्रधानाध्यापक पी.एन. नाग, शिक्षिका ललिता समरथ, रंजीता तिग्गा एवं आरती बेर सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने शिवचरण साहू को जन्मदिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं निरंतर समाजसेवा के लिए मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं।



### अपने जन्मदिवस पर बच्चों को कराया विशेष भोजन

*रक्तदान के साथ-साथ शिवचरण साहू ने अपने जन्मदिवस को बच्चों के साथ साझा करते हुए अपने कार्यस्थल शासकीय विद्यालय मड़ानार में अध्ययनरत विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी न्योता भोज पूरक भोजन योजना के अंतर्गत विशेष भोजन कराया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भोजन ग्रहण किया और अपने प्रिय शिक्षक को जन्मदिवस की शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय में आत्मीय और पारिवारिक वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने कहा कि किसी भी जन्मदिवस का सबसे श्रेष्ठ उत्सव वही है, जो समाज और जरूरतमंद लोगों के लिए उपयोगी बने। रक्तदान और बच्चों को भोजन कराने जैसी पहल समाज में सकारात्मक संदेश देती है तथा नई पीढ़ी को सेवा, सहयोग और मानवीय मूल्यों की प्रेरणा प्रदान करती है।*

**इंद्रधनुष ने शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक चेतना का भी अनुकरणीय उदाहरण किया प्रस्तुत** - शिक्षकों की इस अनूठी पहल ने यह संदेश दिया कि जन्मदिवस केवल व्यक्तिगत उत्सव नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का अवसर भी हो सकता है। रक्तदान और न्योता भोज जैसे सेवा कार्योर् के माध्यम से टीम इंद्रधनुष ने शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक चेतना का भी अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

## पेज 9 के शेष

### तमाशबीनों के बीच डॉक्टर ने...

डॉक्टर ने उसकी नाड़ी, सांस और शरीर की प्रतिक्रिया की जांच कर यह सुनिश्चित किया कि वह किस स्थिति में है। उन्होंने मौके पर उपलब्ध संसाधनों से आवश्यक प्राथमिक उपचार दिया, ताकि अस्पताल पहुंचने तक घायल की हालत और अधिक गंभीर न हो। उनकी चिकित्सकीय समझ और अनुभव ने उस समय बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### चारामा में हफ्तेभर से दहशत...

एक सप्ताह के अंदर चोरी के कई मामले दर्ज होने के उपरांत आम आदमी अपने सूने मकान को छोड़ने के लिए डरने लगा था। चोरियों की लगातार शिकायत मिलने के उपरांत चारामा पुलिस भी सक्रिय हुई और जांच के दौरान पुलिस ने लगभग 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का सूक्ष्म विश्लेषण किया तथा 2000 से अधिक मोबाइल नंबरों की तकनीकी जांच की। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने निगरानी बदमाश सूरज देवांगन उर्फ टोटो और संजू सोनकर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने अपने साथी प्रमोद कुमार गंगाधर उर्फ टकसु, प्रीतम सिंह तथा एक विधि से संघर्षरत बालक के साथ मिलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि चोरी किए गए सामान और नकदी का आपस में बंटवारा कर लिया गया था, तथा कुछ रकम खर्च भी कर दी गई थी। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कोण्डागांव जिले के फरसगांव क्षेत्र में भी चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है, जिसकी जांच की जा रही है।

### बाजार स्थल पर जुआ, चार...

मामले कि तस्दीक के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और चार लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम बाजारपारा भानुप्रतापपुर निवासी 29 वर्षीय साधु यादव पिता सुक्खु यादव, नारायणपुर जिला के बसंतनगर निवासी 50 वर्षीय बाबू राम हलधर पिता स्व. चम्पतलाल हलधर, बाजारपारा भानुप्रतापपुर निवासी 26 वर्षीय चेतन गुप्ता पिता राजु गुप्ता और संजयपारा भानुप्रतापपुर निवासी 49 वर्षीय कैलाश मेश्राम पिता स्व. विष्णु राम मेश्राम होना बताया। तलाशी के दौरान आरोपियों और फड़ से कुल 4 हजार 10 रुपये नगद बरामद किए गए। साथ ही जुए में प्रयुक्त 52 पत्तों की ताश और प्लास्टिक की बोरी भी जब्त कर ली गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम, 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया।

### महिला से 5.5 लीटर शराब जब्त...

थाना अंतागढ़ पुलिस ने मद्रासीपारा स्थित एक चखना सेंटर में छापेमार कार्रवाई कर अवैध रूप से शराब पिलाने के आरोप में संचालक मद्रासीपारा अंतागढ़ निवासी 36 वर्षीय भूपेन्द्र वर्मा के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 36(क) के तहत मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 4 जुलाई की शाम पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला कि आरोपी अवैध रूप से लोगो को शराब पीने की सुविधा दे रहा है। चखना सेंटर पर दबिश दी गई। पुलिस को देखकर वहां शराब पी रहे लोग मौके से भाग निकले। जांच के दौरान संचालक भूपेन्द्र वर्मा से शराब पिलाने संबंधी वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका। मौके से एक आधी भरी थंडरबोल्ट रॉयल बीयर की बोतल तथा शराब की गंध वाले दो डिस्पोजल गिलास जब्त किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट कि धारा 36(ए) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

# समग्र शिक्षा एवं शिक्षा विभाग में प्रतिनियुक्ति समाप्त

**कोण्डागांव**। जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कोंडागांव द्वारा जारी आदेशों के अनुसार प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कुल 20 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनकी मूल पदस्थापना पर वापस भेज दिया गया है। यह निर्णय 25 जून 2026 को रायपुर में आयोजित स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक तथा 1 जुलाई 2026 को आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन में लिया गया है। जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा द्वारा जारी आदेश के अनुसार निम्न अधिकारी-कर्मचारियों को उनकी मूल पदस्थापना पर भेजा गया है श्रीमती शीला साहू व्याख्याता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मसोरा, विकासखंड कोंडागांव। महेंद्र कुमार शर्मा व्याख्याता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनियागांव, विकासखंड कोंडागांव। संतोष चंद्रेलिया व्याख्याता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हीरापुर, विकासखंड माकड़ी। श्रीमती पूर्णिमा श्रीवास्तव व्याख्याता, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव। बलराम नाग प्रधानपाठक, प्राथमिक शाला उरन्दाबेरी, विकासखंड कोंडागांव। अशोक कुमार मरकाम प्रधानपाठक, उच्च प्राथमिक शाला अवधेश, विकासखंड फरसगांव। सोनाराम यादव शिक्षक एलबी, शासकीय माध्यमिक शाला आमगुहन, विकासखंड बड़ेराजपुर। सुश्री मालती धुव शिक्षक एलबी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बड़ेकना, विकासखंड कोंडागांव। ताहिर अहमद खान प्रधानपाठक, प्राथमिक शाला सहलना, विकासखंड माकड़ी। भेंटराम नागर शिक्षक, माध्यमिक शाला घट्टी, विकासखंड माकड़ी। कमलेश साहू प्रधानपाठक, प्राथमिक शाला फरसपाल, विकासखंड माकड़ी। प्रेमलाल यादव सहायक शिक्षक एलबी, प्राथमिक शाला बड़ेराजपुर, विकासखंड बड़ेराजपुर। मनोज कुंजाम शिक्षक एलबी, माध्यमिक शाला पेंड्रावंड, विकासखंड बड़ेराजपुर। अशोक कुमार साहू प्रधानपाठक, प्राथमिक शाला भीरागांव, विकासखंड कोंडागांव। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार निम्न अधिकारी-कर्मचारियों को भी उनकी मूल पदस्थापना पर भेजा गया है रामाराम बघेल प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोड़ेंगा, विकासखंड विश्रामपुरी।

**खबर संक्षेप**

## मजबूत बूथ और वार्ड में लीड का लाभ मिला आशु को



**जगदलपुर।** मनोनीत पार्षद बनने पर महारानी वार्ड के आशुतोष पाल ने पार्टी के प्रदेश प्रमुख एवं विधायक किरण देव का आभार माना। हरिभूमि से चर्चा में उन्होंने कहा कि 1994 से भाजपा से जुड़ने के बाद 1996 में युवा मोर्चा के नगर मंत्री फिर भाजपा नगर मंडलमें एक बार नगर मंत्री और दो बार नगर उपाध्यक्ष का दायित्व मिला। मैंने महारानी वार्ड में अपने बुथ को मजबूत और सशक्त बनाया जिसमें जगदलपुर विधानसभा चुनाव में मेरे बुथ से भाजपा को सबसे ज्यादा लीड मिला और इस विधानसभा में सर्वश्रेष्ठ रहा। जिसके लिए मुझे पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि मेरे प्राथमिकताओं में दो सड़क है जो जर्जर हालत में है। एक तुलसीराम बर्मन के घर से लेकर गांगुली घर तक, दूसरा बंगीय समाज के सामने से रखाल के घर तक के सड़क को बनवाना है। गौरतबल है कि बंगाली बाहुल्य वार्ड में अजा वर्ग के पार्षद बनते आए हैं। इसमें वार्ड के सामाजिक बंधु वार्ड की समस्याओं के निराकरण के लिए इन्हें बताते हैं।

## अधिवक्ता व चोलामण्डल, श्रीराम फाइनेंस के साथ हुई बैठक



**जगदलपुर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गोंविद नारायण जांगड़े के मार्गदर्शन एवं व्यवहार नयायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, प्राधिकरण के सचिव कु. अंकिता कश्यप द्वारा 18 जुलाई को स्पेशल लोक अदालत आयोजित किया जाएगा। इस अदालत में धारा 138 परकाम्य लिखित अधिनियम 1881 के संबंधित राजीनामा योग्य प्रकरणों को अधिक से अधिक निराकरण के लिए न्यायाधीश श्रीमती अदिति ठाकुर सराफ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, राहुल सराफ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्रीमती हर्षी अग्रवाल न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, कु. नीति न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्रीमती निहारिका तिवारी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, कु. टेसी पटेल न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं समस्त बस्तर जिले के सभी अधिवक्ता तथा समस्त रिजनल बिजनेस मैनेजर चोलामण्डल, ब्रांच मैनेजर श्रीराम फाईनेंस लिमिटेड की बैठक आयोजित की गई। स्पेशल लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को लोक अदालत की महत्ता बताते हुए उन्हें अपने प्रकरणों को राजीनामा के माध्यम से निराकृत किए जाने हेतु प्रोत्साहित करने का आग्रह किया गया।

## राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 10 को

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक 10 जुलाई को समय 4 बजे आयोजित की गई है। इस संबंध में समस्त राजस्व अधिकारी आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। अतः सर्व संबंधितों को सूचित किया गया है कि उक्त बैठक में एजेण्डा अनुसार संपूर्ण जानकारी 8 जुलाई को समय दोपहर 12 बजे तक हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी राजस्व लेखा शाखा में जमा करें।

# महंगाई भत्ता सहित 6 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपेंगे स्मरण पत्र

## जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराएंगे सरकार का ध्यान आकर्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा कर्मचारियों एवं पेंशनरों की लंबित मांगों के निराकरण हेतु एक महत्वपूर्ण अभियान चलाया जा रहा है। संगठन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अनुरूप 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता सहित 6 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्य विधानसभा के मानसून सत्र के पूर्व प्रदेश के सांसदों एवं विधायकों को 7 से 11 जुलाई तक स्मरण पत्र सौंपा जाएगा। संघ के प्रदेश महामंत्री गजेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि कर्मचारियों एवं पेंशनरों की लंबे समय से लंबित मांगों के निराकरण के लिए यह अभियान प्रदेशव्यापी स्तर पर संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को देय 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, पेंशनरों के हितों की सुरक्षा तथा अन्य प्रमुख मांगों के संबंध में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित किया जाएगा। बस्तर संभाग अध्यक्ष अतुल शुक्ला, जिला अध्यक्ष संजय चौहान तथा पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष आरडी तिवारी ने संयुक्त रूप से प्रदेश के समस्त कर्मचारी एवं पेंशनर साथियों से कहा कि वे इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपनी एकजुटता का परिचय दें और अपने अधिकारों की प्राप्ति हेतु संघर्ष को मजबूत बनाएं।



### निराकरण तक संघर्ष जारी रहेगा

संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों एवं पेंशनरों की जायज मांगों के निराकरण तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सरकार कर्मचारियों और पेंशनरों की समस्याओं के समाधान हेतु सकारात्मक पहल करेगी। एकजुट हो कर्मचारी समाज अधिकार हमारा, संघर्ष हमारा के संकल्प के साथ यह अभियान प्रदेशभर में संचालित किया जाएगा।

## कार्रवाई के बजाय ठेकेदार पर मेहरबानी

# अटल परिसर में नहीं लगी प्रतिमा

लीलाधर राठी ▶▶| सुकमा

अटल जी के आदर्शों की बात कहने वाले इस शहर में अभी तक उनकी प्रतिमा नहीं लगा पाए। जबकि पूरे छत्तीसगढ़ में सिर्फ सुकमा नगरपालिका को छोड़ अन्य शहरों में 25 दिसंबर 25 को अटल परिसर का कार्य पूर्ण हो चुका है।

■ एक साल बाद भी अधूरा है अटल परिसर प्रतिमा लगने का इंतजार हो रहा

बहुप्रतीक्षित अटल परिसर का निर्माण आज भी अधूरा पड़ा है। करीब एक वर्ष पहले निर्माण में हो रही देरी और लापरवाही को लेकर समाचार प्रकाशित होने के बाद भी स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं आया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा आज तक स्थापित नहीं हो सकी है, जिससे परियोजना की उपयोगिता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

**संयुक्त संचालक का आदेश बेअसर :** अटल परिसर निर्माण कार्य में लगातार देरी और गुणवत्ता संबंधी शिकायतों के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संयुक्त संचालक ने संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए उसे ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद नगर पालिका परिषद सुकमा अब तक ठेकेदार को नोटिस तक जारी नहीं कर सकी है।

अलग खबर




### भिलाई के ठेकेदार पर मेहरबानी क्यों

सूत्रों के अनुसार विभागीय अधिकारियों के स्पष्ट निर्देश मिलने के बाद भी कार्रवाई आगे नहीं बढ़ रही है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी भिलाई के ठेकेदार पर इतने मेहरबान क्यों हैं। यदि ठेकेदार की लापरवाही स्पष्ट है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने में देरी किस कारण हो रही है।

### मामला फाइलों तक सीमित

अब लोगों की निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि क्या संयुक्त संचालक के आदेश का पालन करते हुए संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर ब्लैकलिस्ट की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, या फिर यह मामला भी फाइलों तक ही सीमित रह जाएगा।

### ठेकेदार पर करेंगे कार्रवाई

अटल परिसर में मूर्ति स्थापना को लेकर हो रहे लेटलतीफी पर नाराजगी जाहिर करते हुए नगरीय निकाय के ज्वाइंट डायरेक्टर जयंत ने कहा कि अगर नियम, शर्तों की पूर्ति नहीं हुई है तो ठेकेदार पर कार्यवाही प्रस्तावित करेंगे।

### नपा के प्रति बढ़ती जा रही नाराजगी

स्थानीय लोगों का कहना है कि अटल परिसर केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति से जुड़ा महत्वपूर्ण स्थल है। इसके बावजूद प्रतिमा स्थापना और निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा रहने से नागरिकों में नाराजगी है। लोगों का मानना है कि यदि समय पर कार्रवाई की जाती तो परिसर अब तक पूर्ण होकर जनता को समर्पित किया जा सकता था।

## अनाधिकृत प्लॉटिंग और संदिग्ध रजिस्ट्रियों की निष्पक्ष जांच हो : नवनीत



**जगदलपुर।** बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के बस्तर संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद ने कहा कि बस्तर संभाग में अनाधिकृत प्लॉटिंग, बिना स्वीकृत लेआउट, संदिग्ध कॉलोनाइजेशन, मास्टर प्लान के विपरीत भूमि उपयोग, संदिग्ध रजिस्ट्रियों तथा वर्षों से विभागों में लंबित शिकायतों की निष्पक्ष जांच जरूरी है। उन्होंने कहा कि रियल इस्टेट के तहत कॉलोनाइजर संबंधी नियमों का उद्देश्य सुनियोजित एवं पारदर्शी भूमि विकास सुनिश्चित करना है। यदि इन प्रावधानों के उल्लंघन की शिकायतें हैं, निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई होना शासन का दायित्व है। उन्होंने मांग की है कि वर्ष 2016 से अब तक बस्तर संभाग में विकसित सभी प्रमुख कॉलोनियों, कॉलोनाइजर लाइसेंस, लेआउट स्वीकृतियों, संदिग्ध रजिस्ट्रियों तथा लंबित शिकायतों का सीजी रेरा, नगर एवं ग्राम निवेश विभाग, राजस्व विभाग, उप-पंजीयक कार्यालय एवं जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक ऑडिट कराया जाए।

# डॉ. बुधरी ताती का विवि में किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

समाजसेवा के क्षेत्र में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित होकर नई दिल्ली से लौटीं डॉ. बुधरी ताती का शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में सम्मान किया गया। शुक्रवार को विवि के प्रशासनिक भवन में आयोजित 66 वीं कार्यपरिषद् की सामान्य बैठक में डॉ. ताती बतौर कार्यपरिषद् सदस्य के रूप में भी उपस्थित रहीं। कार्यपरिषद् से सभी सदस्यों ने डॉ. ताती के गौरवशाली उपलब्धियों पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सम्मान पत्र भेंट किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ. ताती का समाजसेवा में योगदान अतुलनीय है। बस्तर के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में जनजातीय महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, नशामुक्ति के लिए चार दशकों तक कार्य करना एक महान कार्य है। प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ. ताती के उपलब्धियों को बस्तर अंचल के सभी महाविद्यालयों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के समक्ष प्रेरणास्रोत के रूप प्रस्तुत किया जाएगा। डॉ. ताती के सर्मपण भाव से किए गए रचनात्मक कार्यों से विद्यार्थियों को समाजसेवा के साथ-साथ देश सेवा की प्रेरणा मिलेगी। डॉ. ताती के आशिर्वचन युवाओं को संबंल प्रदान करेगी। कार्यपरिषद् की इस बैठक में विवि के अकादमिक व प्रशासनिक विषयों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए निर्णय लिए गए। बैठक में नए प्रोग्राम बीबीए का फीस निर्धारण किया गया। एमएससी बायोटेक्नालॉजी की फीस में संशोधन किया गया बैठक में ट्राईबल आर्ट एवं क्राफ्ट सर्टिफिकेट का शैक्षणिक शुल्क भी निर्धारित किया गया।

## लोकतांत्रिक तरीके से जनहित की लड़ाई को तेज करेंगे



**जगदलपुर।** बस्तर की जनता आज बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था, शिक्षा, बेरोजगारी, पेयजल संकट, जर्जर सड़कें, बिजली की अनियमित आपूर्ति तथा जल, जंगल और जमीन से जुड़े गंभीर संकटों का सामना कर रही है। सरकारें केवल घोषणाएं कर रही हैं, जबकि आम जनता आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है। आम आदमी पार्टी बस्तर के हर गांव और हर नागरिक की आवाज बनकर लोकतांत्रिक तरीके से जनहित की लड़ाई को और तेज करेगी। उक्त बातें रविवार को पत्रकार भवन में आयोजित पत्रवार्ता में आम आदमी पार्टी के छत्तीसगढ़ सह प्रभारी सौरभ झा, प्रदेश संगठन मंत्री एवं बस्तर जोन प्रभारी समीर खान ने कही। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सह प्रभारी सौरभ झा ने कहा कि आम आदमी पार्टी आने वाले चुनाव जनता के असली मुद्दों शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, भ्रष्टाचार और के लिए जवाबदेह शासन को केंद्र में रखकर लड़ेगी। उन्होंने कहा कि बस्तर के विकास, आदिवासी समाज के अधिकारों और क्षेत्र की खुशहाली के लिए पार्टी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। प्रदेश सचिव शुभम सिंह ने कहा कि संगठन लगातार बूथ स्तर तक मजबूत किया जा रहा है और प्रदेशभर में कार्यकर्ताओं के माध्यम से जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का अभियान चलाया जाएगा।

## दायित्व का निर्वहन निष्ठा व जिम्मेदारी से करें : देव

**जगदलपुर।** नगर निगम के मनोनीत एल्डरमैन ने विधायक कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। विधायक ने सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने जनहित के कार्यो में अग्रणी रहते हुए संगठन को मजबूत बनाने अपने दायित्व का निर्वहन निष्ठा व जिम्मेदारी से करने कहा। इस दौरान एल्डरमैन राजेश श्रीवास्तव, यशवर्धन राव, रोहित त्रिवेदी, लक्ष्मी कश्यप, आशुतोष पाल, अतुल कौशल तथा पार्षद सुरेश गुप्ता उपस्थित थे।



## ट्राइबल लीडरशिप प्रोग्राम में मुरिया जनजाति के हेमंत को मिला प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की समृद्ध मुरिया आदिवासी संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की पहल हुई है। ग्राम पंचायत आसना के युवा आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत कश्यप का चयन टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा आयोजित 8वें ट्राइबल लीडरशिप प्रोग्राम के लिए हुआ था जिसमें देशभर के चुनिंदा युवा नेताओं ने भाग लिया।

■ टाटा स्टील फाउंडेशन के कार्यक्रम में बस्तर की सहभागिता

बैंगलोर के स्कूल ऑफ एंशियंट विजडम में पिछले दिनों आयोजित इस राष्ट्रीय नेतृत्व कार्यक्रम में देश के 25 राज्यों की 54 से अधिक जनजातियों के 100 युवा प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास, सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले नेतृत्व का निर्माण करना था।



हेमंत कश्यप का चयन उनके सामाजिक सरोकार, जनहित के मुद्दों पर सक्रियता और संघर्ष तथा मुरिया समुदाय की पारंपरिक संस्कृति, लोकनृत्य, वेशभूषा और रीति-रिवाजों के संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान के आधार पर किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय मंच पर बस्तर की मुरिया संस्कृति का प्रभावशाली प्रदर्शन कर सभी प्रतिभागियों और आयोजकों का ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर टाटा स्टील फाउंडेशन ने उन्हें उत्कृष्ट सहभागिता, नेतृत्व क्षमता एवं जनजातीय समाज के प्रति समर्पित योगदान के लिए प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया। आयोजकों ने उनके सामाजिक कार्यों और नेतृत्व की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अनुभव का लाभ समाज को मिलेगा

हेमंत कश्यप ने कहा कि इस कार्यक्रम ने उन्हें देश की विभिन्न जनजातियों की संस्कृति, चुनौतियों और नेतृत्व के विविध आयामों को समझने का अवसर दिया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्राप्त अनुभव का उपयोग बस्तर में मुरिया समाज के सामाजिक उत्थान, सांस्कृतिक संरक्षण और युवा सशक्तिकरण के लिए करेंगे।

# बच्चों का सर्वांगीण विकास राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारत स्काउट एवं गाइड के जिला मुख्य आयुक्त सुरेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में स्काउट एवं गाइड परिवार ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव से सौजन्य भेंट की। उन्हें जिले में संचालित स्काउट एवं गाइड की गतिविधियों, उपलब्धियों तथा भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया गया। इस दौरान बस्तर जिले में सशक्त एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाओं और संसाधनों की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा हुई।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि शिक्षा विभाग के सहयोग से जिले के शासकीय विद्यालयों में स्काउट एवं गाइड का संचालन किया जा रहा है। संस्था विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, चरित्र निर्माण, आत्मनिर्भरता, सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्रप्रेम जैसे मूल्यों का विकास कर उन्हें आदर्श नागरिक बनाने का कार्य कर रही है। स्काउट एवं गाइड का ध्येय सदैव तत्पर की भावना के साथ सेवा, सहयोग और संस्कारों को जीवन का हिस्सा बनाना है। जिला मुख्य आयुक्त ने बताया कि बस्तर जिले में स्काउट एवं गाइड के माध्यम से विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक सेवा, स्वच्छता अभियान, नेतृत्व प्रशिक्षण एवं व्यक्तित्व विकास जैसी गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यक संसाधन एवं सुविधाएं उपलब्ध हों तो जिले के हजारों विद्यार्थियों को इस अभियान से जोड़कर उनके व्यक्तित्व विकास के साथ साथ राष्ट्र निर्माण की दिशा में और अधिक प्रभावी कार्य किए जा सकते हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रोशन झा, परमेश राजा, मनोज महापात्र जिला आयुक्त, लिलेश कुमार देवांगन जिला सचिव, दशरू राम यादव जिला संगठन आयुक्त, स्काउट मीरा हिरवानी, जिला संगठन आयुक्त गाइड राज किशोर तिवारी, जिला क्वाटर मास्टर गोपेंद्र सिंह शार्दुल, जिला कोषाध्यक्ष विजय चंद्राकर, जिला मीडिया प्रभारी गिरवर सिंह रावटे, तनुल गुप्ता, नीरज मरावी, दीप्ति बारले उपस्थित रहे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## 50 एकड़ से अधिक कृषि क्षेत्र में इस तकनीक का उपयोग

# अत्याधुनिक ट्रांसप्लांटर मशीन से धान की रोपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिले के अलग अलग क्षेत्रों में कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा खरीफ मौसम में कृषि यंत्रीकरण को प्रोत्साहित करते हुए ट्रांसप्लांटर मशीन से धान रोपाई का कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान में बस्तर जिले में 50 एकड़ से अधिक क्षेत्र में ट्रांसप्लांटर मशीन के माध्यम से धान की रोपाई की जा रही है।

विभाग की पहल पर योजना के तहत तोकापाल विकासखंड के ग्राम तेलीमारेंगा के प्रगतिशील किसान महादेव मौर्य भी अपनी 8 एकड़ निजी भूमि में ट्रांसप्लांटर मशीन से धान की रोपाई कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त वे अन्य किसानों की लगभग 8 एकड़ भूमि ठेके पर लेकर भी मशीन के माध्यम से धान रोपाई का कार्य करेंगे जिससे क्षेत्र के अन्य किसानों में भी आधुनिक कृषि यंत्रों के प्रति जागरुकता एवं रुचि बढ़ रही है। ट्रांसप्लांटर मशीन से धान की रोपाई का कार्य कृषि अभियांत्रिकी विभाग के कृषि अभियंता हरिलाल देवांगन, सहायक कृषि अभियंता मानसिंह बंजारे तथा यांत्रिक सहायक मनीष मांडे के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।

### कृषि यंत्रीकरण को प्रोत्साहित करने मिल रहा अनुदान

कृषि अभियंता देवांगन ने बताया कि विभाग द्वारा ट्रांसप्लांटर मशीन से धान रोपाई कराने पर किसानों को 3 हजार रूपए प्रति एकड़ की दर से अनुदान प्रदान किया जाता है। साथ ही प्रगतिशील किसान चंदन कश्यप, एवं महादेव मौर्य को ट्रांसप्लांटर मशीन, ट्रे एवं सीडर की खरीद पर कृषि अभियांत्रिकी विभाग (सीएचएएमपीएस योजना) के अंतर्गत 40 प्रतिशत अनुदान भी प्रदान किया गया है। कृषि यंत्रीकरण से श्रम एवं समय की बचत होने के साथ-साथ समय पर रोपाई, लागत में कमी तथा उत्पादन में वृद्धि की संभावना बढ़ती है। कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा किसानों से आधुनिक कृषि यंत्रों का अधिकाधिक उपयोग कर शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई है।

## खबर संक्षेप

### विधायक आशाराम नेताम ने जनसंपर्क किया व सुनीं सुमस्ययाएं, दिया समाधान



**सरोना।** क्षेत्र के लोकप्रिय साप्ताहिक बाजार में विधायक आशाराम नेताम ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने बाजार में पहुंचे व्यापारियों, ग्रामीणों और आमजनों से आत्मीय मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। सरोना के साप्ताहिक बाजार में विधायक के जनसंपर्क अभियान को लोगों ने सकारात्मक पहल बताते हुए सराहना की। उपस्थित ग्रामीणों और व्यापारियों ने कहा कि जनप्रतिनिधि द्वारा सीधे बाजार में पहुंचकर समस्याएं सुनना स्वागतयोग्य कदम है। विधायक ने सभी को भरोसा दिलाया कि प्राप्त समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभागों से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। जनसंपर्क के दौरान विधायक आशाराम नेताम ने व्यापारियों से उनके व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली और कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते आम लोगों की समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों से भी चर्चा कर क्षेत्र की विभिन्न आवश्यकताओं और विकास संबंधी सुझावों को सुना। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष टिकेश सिन्हा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीरा मरकाम, पूर्व मंडल अध्यक्ष यशवंत सूरोजिया, जीवन नेताम, अनिल गजपाल, अजय हिरवानी, रामाधार धनकर तथा भाजपा मंडल सरोना के मीडिया प्रभारी अशोक लुनावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहें।

### चिरायु दल ने बदला माड़कम का जीवन

**बीजापुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित चिरायु दल ने दूरस्थ एवं अंदरूनी क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराते हुए गंभीर जन्मजात विकृतियों के उपचार में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। इसी क्रम में जिले के उसूर विकासखंड के ग्राम मीनागट्टा (पामेड) निवासी 15 वर्षीय बालक माड़कम हुंगा को जन्मजात क्लेफ्ट लिप एवं पैलेट (कटे होंठ एवं तालु) की समस्या से सफलतापूर्वक मुक्ति दिलाई गई। जन्म से ही इस जन्मजात विकृति से पीड़ित था, जिसके कारण उसे भोजन करने, स्पष्ट रूप से बोलने तथा सामान्य सामाजिक जीवन जीने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उच्चस्तरीय उपचार कराना संभव नहीं था। आरबीएसके के अंतर्गत चिरायु दल द्वारा विद्यालय में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान बालक की पहचान की गई।



### निधन

### अभिराम सुरोजिया

**बनसागर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम बनसागर निवासी अभिराम सुरोजिया का शनिवार रात्रि लंबी बीमारी के बाद आकस्मिक निधन हो गया, वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार 5 जुलाई को गृह ग्राम बनसागर के मुक्तिधाम में किया।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**विरोध : प्रभावितों के पुनर्वास के लिए फौरन कदम उठाने की मांग**

# नकटी की बेदखली कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर नरहरपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में रविवार को सरोना बस स्टैंड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का पुतला दहन कर नारेबाजी की और सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रोहिदास शोरी ने कहा कि ग्राम नकटी-सम्मनपुर में प्रशासन द्वारा लगभग 85 गरीब परिवारों के मकानों को बरसात के मौसम में तोड़ दिया गया, जिससे परिवारों के सामने गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने इस कार्रवाई को अमानवीय और जनविरोधी बताते हुए कहा कि सामान्य परिस्थितियों में पक्षियों के घोंसले तक नहीं तोड़े जाते, लेकिन सरकार ने गरीबों के आशियाने उजाड़ दिए। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन की कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत एवं पुनर्वास उपलब्ध कराया जाए तथा उनके मकानों का पुनर्निर्माण कराया जाए। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार गरीब एवं वंचित वर्ग के हितों की अनदेखी कर रही है, जिसे कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चेतावनी दी कि यदि प्रभावित परिवारों को न्याय नहीं मिला तो कांग्रेस आंदोलन को और तेज करेगी।

इस अवसर पर मांडवी दीक्षित, कौशिल्या शोरी, रोहिदास शोरी, सरजू शोरी, हलाल नेताम, प्यारी सलाम, संग्राम नेताम, संतराम मरकाम, टकेश्वर सिन्हा, मनीराम सिन्हा, पुरंदर सिन्हा, दिनेश कुमार पटेल, फागेश्वरी सिन्हा, रोमनलाल सोनबेर, मृत्यज्य साहू, इमरान खान, नारायण मरकाम, सुमित कुमार, नागवंशी निशांत साहू, विशाल ठाकुर, प्रमोद कुमार कुंजाम, लोकेश कुमार विश्वकर्मा, राकेश विश्वकर्मा, कुशाग्र साहू, नवदीप विश्वकर्मा, पुलकित सलाम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## आदिवासी संस्कृति और सेनानियों के इतिहास से रूबरू हुए आत्मानंद विद्यालय के विद्यार्थी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, दुर्गुकोंदल के विद्यार्थियों ने शनिवार को नया रायपुर स्थित आदिवासी संग्रहालय एवं शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजाति स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का प्रेरणादायी शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय वीरों के योगदान से परिचित कराना था।

भ्रमण दल को रवाना करने से पूर्व विद्यालय परिसर में विधायक प्रतिनिधि हुमन मरकाम और शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक जैन ने विधिवत पूजन-अर्चन कर बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्राचार्य अजय नेताम, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। आदिवासी संग्रहालय में विद्यार्थियों ने गोंड, बैगा, हल्बा सहित विभिन्न जनजातियों की पारंपरिक वेशभूषा, आभूषण, कृषि उपकरण, लोककलाएं, वाद्य यंत्र तथा पारंपरिक आवासों की प्रतिकृतियों का अवलोकन किया। संग्रहालय प्रभारी ने जनजातीय समाज की जीवनशैली, सामाजिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत की विस्तृत जानकारी दी।

इसके बाद विद्यार्थियों ने शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजाति स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का भ्रमण किया। यहां प्रदर्शित ऐतिहासिक दस्तावेज, शस्त्र, चित्र और दुर्लभ अभिलेखों के माध्यम से उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह सहित जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के साहस, संघर्ष और बलिदान को निकट से जाना। प्राचार्य अजय नेताम ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे बच्चों में अपनी संस्कृति, इतिहास और राष्ट्र के प्रति सम्मान तथा गौरव की भावना विकसित होती है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण का संकल्प भी लिया।

# खमढोड़गी वन क्षेत्र में हजारों सीड बॉल का किया छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



सामुदायिक वन संसाधन अधिकार सीएफआरआर प्राप्त ग्राम खमढोड़गी में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनूठी पहल करते हुए सीड बॉल (बीज गेंद) छिड़काव अभियान चलाया गया। पर्यावरण मित्र सेना, प्राकृतिक शिक्षण विज्ञान यात्रा, सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति, समर्थन संस्था और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस अभियान में वर्षा ऋतु का लाभ उठाते हुए हजारों सीड बॉल तैयार कर पहाड़ी, वन एवं बंजर क्षेत्रों में उनका छिड़काव किया गया।

अभियान में महिलाओं, युवाओं, बच्चों, बुजुर्गों और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। बारिश के बीच ग्रामीणों ने पैदल वन क्षेत्रों तक पहुंचकर बीजों का छिड़काव किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पर्यावरण मित्र सेना ने कहा कि जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

वहीं प्राकृतिक शिक्षण विज्ञान यात्रा की टीम ने बताया कि सीड बॉल तकनीक कम लागत में प्राकृतिक पुनर्वनीकरण का प्रभावी माध्यम है, जिससे स्थानीय प्रजातियों के वृक्ष विकसित होकर जैव विविधता, जल संरक्षण और मिट्टी संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति ने इसे भविष्य की हरित विरासत बनाने की पहल बताते हुए कहा कि आज बोए गए बीज आने वाले वर्षों में घने जंगल का रूप लेंगे। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने हर वर्ष वर्षा ऋतु में सीड बॉल अभियान चलाने तथा अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़कर खमढोड़गी को हरित एवं समृद्ध वन क्षेत्र बनाने का संकल्प लिया।

### जनप्रतिनिधि और प्रबंधकों ने लगाए फलदार पौधे



**बस्तर।** लैम्पस बस्तर में सहकारिता सप्ताह के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता रामानंद मिश्रा, शाखा और लैम्प्स प्रबंधक के द्वारा फलदार पौधों का रोपण किया गया। रामानंद मिश्रा ने किसानों से कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हर व्यक्ति को पौधे लगाने चाहिए। फलदार पौधों से पर्यावरण के साथ आय का साधन भी बढ़ेगा। उन्होंने किसानों से अपने खेतों की मेड़ पर और घर के आसपास फलदार और छायादार पौधे लगाने की अपील की। शाखा प्रबंधक ने बताया कि सहकारिता सप्ताह के तहत लैम्पस परिसर में वृक्षारोपण कर हरियाली बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। सहकारिता का उद्देश्य केवल आर्थिक विकास नहीं बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी निभाना भी है। कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक,कमलूराम कश्यप, लैम्प्स प्रबंधक राजीव त्रिपाठी,पार्षद नरसिंह नागेश सहित स्टाफ और किसान उपस्थित रहे।

## सहकारिता सप्ताह की निबंध स्पर्धा में विद्यार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



भारत सरकार द्वारा सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पाँच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 06 जुलाई तक देशभर में सहकारिता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिले में सहकारिता के प्रति विद्यार्थियों एवं युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय सहकारिता निबंध प्रतियोगिता का आयोजन रविवार 05 जुलाई को बीआरसी कार्यालय में किया गया।

कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन जिला सहकारी संघ मर्यादित कांकेर एवं जिला सहकारिता विभाग कांकेर द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र.छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सहकारिता के महत्व, उसके सिद्धांतों तथा समाज एवं ग्रामीण विकास में उसकी भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। आयोजकों ने बताया कि सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं में सहकारिता की भावना को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें सहकारिता आंदोलन की उपयोगिता और महत्व से परिचित कराना है। प्रतियोगिता के परिणाम घोषित होने के बाद उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। परीक्षा के दौरान जिला सहकारी संघ कांकेर के प्राधिकृत अधिकारी रामेश्वर मरकाम, सहकारिता निरीक्षक प्रवेश उइके, संघ प्रबंधक किरण कावड़े, खंड शिक्षा अधिकारी आर सिन्हा, बीआरसी खुशाल गजबीये, प्राचार्य देवकरण भास्कर सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने प्रतियोगिता के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन का निरीक्षण किया तथा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

## जैव उर्वरक निर्माण का महिला समूहों दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के सहयोग तथा जिला विकास प्रबंधक एस रंजन साहू के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत साल्हेभाट में 15 दिवसीय लघु एवं सूक्ष्म उद्यमिता विकास प्रशिक्षण आयोजित किया गया। हैंड्स अराउंड नेचर एंड सोसाइटी के तकनीकी सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण में गंगा दल, जागृति और जय अंबे समूह की 31 महिलाओं ने जैव उर्वरक निर्माण की आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को अजोला, नील हरित शैवाल एवं माइकोराइजा जैसे जैव उर्वरकों के उत्पादन, उपयोग, पैकेजिंग और विपणन की विस्तृत जानकारी दी गई। संस्था के निदेशक एवं वैज्ञानिक डॉ. यू.एस. शर्मा ने सफल उद्यमिता, सीमित संसाधनों में कम लागत से व्यवसाय स्थापित करने तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में जैव उर्वरकों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

वहीं जन विज्ञान केंद्र मुडपार के प्रभारी एलआर सिन्हा ने जैव उर्वरकों की निर्माण प्रक्रिया और कृषि में उनके महत्व की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान छह अजोला, पांच माइकोराइजा और दो नील हरित शैवाल उत्पादन इकाइयों की स्थापना कर उत्पादन भी शुरू कराया गया। प्रतिभागियों ने कृषि विज्ञान केंद्र सिंगारभाट का भ्रमण कर वैज्ञानिकों से उद्यमिता एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही।

## खेत पानी निकासी पर विवाद, बुजुर्ग से मारपीट की, तीन पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



पखांजुर थाना क्षेत्र के ग्राम पीवी36 चांदीपुर में 65 वर्षीय किसान के साथ कथित रूप से तीन लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। घटना में किसान के चेहरे, कमर और सीने में चोटें आई हैं। ग्रामीणों के बीच-बचाव के बाद मामला शांत हुआ। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पीवी 36 चांदीपुर निवासी 65 वर्षीय सदानंद मंडल रविवार 5 जुलाई की सुबह करीब 8 बजे अपने खेत में भरे पानी की निकासी के लिए नाली बना रहे थे। इसी दौरान गांव के बादल राय, आकाश राय और सुभाष राय मौके पर पहुंचे और कथित रूप से नाली को बंद कर दिया। शिकायतकर्ता ने जब इसका विरोध किया तो आरोप है कि तीनों ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। विवाद बढ़ने पर सुभाष राय के पुत्र बादल राय और आकाश राय ने हाथ, मुक्कों और लात से उनकी पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान वृद्ध किसान जमीन पर गिर पड़े और उनके दाहिने गाल, कनपटी, कमर तथा सीने में चोटें आईं। घटना के समय आसपास के खेतों में काम कर रहे अन्य किसान मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने तत्काल बीच-बचाव कर शिकायतकर्ताको आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया, जिसके बाद आगे की अनहोनी टल सकी। घटना के बाद घायल किसान पखांजुर थाना पहुंचे और पूरी घटना की शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी बादल राय, आकाश राय एवं सुभाष राय के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 115 (2), 351 (2) एवं 3 (5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



शादी का झांसा देकर एक युवती से लंबे समय तक दुष्कर्म करने के मामले में कोयलीबेड़ा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने युवती को विवाह का भरोसा दिलाकर करीब दो वर्षों तक अलग-अलग स्थानों पर कई बार शारीरिक संबंध बनाए, जिससे वह गर्भवती हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने थाना कोयलीबेड़ा में लिखित शिकायत दर्ज कराई कि उसकी पहचान लगभग दो वर्ष पूर्व आरोपी उमेश कुमार मरकाम से हुई थी। पहचान के बाद दोनों के बीच मोबाइल के माध्यम से लगातार बातचीत होने लगी और आरोपी ने प्रेम संबंध स्थापित कर शादी करने का आश्वासन दिया। इसके बाद वह युवती को विभिन्न स्थानों पर घुमाने ले जाता रहा और विवाह का प्रलोभन देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाता रहा। शिकायत में बताया गया है कि अंतिम बार 3 अप्रैल 2026 को कोयलीबेड़ा मेले में मिलने के बाद आरोपी युवती को ग्राम मुरनार के जंगल क्षेत्र में ले गया, जहां उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाया। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने पिछले लगभग दो वर्षों में अलग-अलग स्थानों पर 15 से 20 बार शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया, जिसके परिणामस्वरूप वह गर्भवती हो गई। घटना की जानकारी पीड़िता ने अपने पिता और बड़ी बहन को दी, जिसके बाद थाना कोयलीबेड़ा में शिकायत दर्ज कराई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने प्रथम दृष्टया अपराध पाए जाने पर अपराध क्रमांक 09/2026 के तहत धारा 69 भारतीय न्याय संहिता में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की।

विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी ताड़ोकी थानांतर्गत ग्राम हवेचुर निवासी 23 वर्षीय उमेश कुमार मरकाम पिता रेवसिंह मरकाम को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। मामले की आगे की विवेचना जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोयलीबेड़ा निरीक्षक निर्मल जांगड़े, सहायक उप निरीक्षक राजेश्वर दयाल ध्रुव, रजनीश गजभिये, प्रधान आरक्षक धर्मराज धुर्वे तथा आरक्षक गोविंद डड़सेना एवं देवेंद्र शोरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**ध्यान और प्राणायाम सहित अन्य आसनों का करते हैं अभ्यास**

# बड़ेधौंसा विद्यालय में योगाभ्यास से छात्रों का निखर रहा है व्यक्तित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंतागढ़



विकासखंड अंतागढ़ के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बड़ेधौंसा में विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के उद्देश्य से ध्यान, योग, प्रज्ञायोग एवं प्राणायाम का विशेष अभ्यास सत्र आयोजित किया गया। शिक्षिका चित्रांगदा दर्रो एवं शिक्षक मनोज सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लेकर विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक ध्यान से हुई, जिसमें विद्यार्थियों को मन को शांत और एकाग्र रखने की सरल तकनीकें सिखाई गईं। इसके बाद अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, कपालभाति सहित विभिन्न प्राणायाम और प्रज्ञायोग का अभ्यास कराया गया। शिक्षकों ने प्रत्येक क्रिया की सही विधि के साथ उसके शारीरिक और मानसिक लाभों की भी जानकारी दी। इस अवसर पर चित्रांगदा दर्रो एवं मनोज सिन्हा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। नियमित योग, ध्यान और प्राणायाम से स्मरण शक्ति, एकाग्रता, आत्मविश्वास तथा सकारात्मक सोच का विकास होता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों का बढ़ता स्क्रीन टाइम चिंता का विषय है, ऐसे में योग स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली अपनाने का प्रभावी माध्यम बन सकता है। विद्यार्थियों ने बताया कि योगाभ्यास से उन्हें मानसिक शांति, नई ऊर्जा और पढ़ाई में बेहतर एकाग्रता का अनुभव होता है। कार्यक्रम के समापन पर सभी बच्चों ने प्रतिदिन योग, ध्यान और प्राणायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करने तथा परिवार और समाज को भी योग के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। विद्यालय प्रबंधन ने इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411